दिन– शुक्रवार                                                  दिनांक– 27 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                          अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल पूरे राजकीय समारोह के साथ नई दिल्ली में किया जायेगा।

02. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

03. बिहार सरकार ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के सम्मान में एक जनवरी तक सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया।

04. और, प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज लोजपा, रामविलास के नेता हुलास पांडेय के कई ठिकानों पर छापेमारी की।

———————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल पूरे राजकीय सम्मान के साथ नई दिल्ली में किया जाएगा। कांग्रेस के महासचिव के.सी वेणुगोपाल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री की अंतिम यात्रा कल सुबह साढ़े नौ बजे कांग्रेस मुख्यालय से निकाली जायेगी। पूर्व प्रधानमंत्री का गुरूवार को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण बानवें साल की उम्र में निधन हो गया था। वे कांग्रेस नेतृत्व वाली यू.पी.ए. सरकार में वर्ष दो हजार चार से दो हजार चौदह तक दो बार प्रधानमंत्री रहे। वे भारत के तेरहवें प्रधानमंत्री थे। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन जन सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित था। समाचार कक्ष की श्रद्धांजलि –

———— बाईट———

डॉ. मनमोहन सिंह ने शुरुआती करियर में पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाया। डॉक्टर सिंह 1971 में भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। उन्होंने वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार और सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारो में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के साथ डॉ मनमोहन सिंह ने देश के आर्थिक परिदृश्य को एक नया आयाम दिया। मनरेगा जैसी योजनाओं और आरटीआई और एनएफसी जैसे कानूनों के माध्यम से उन्होंने नागरिकों को खाद्य सुरक्षा का कानूनी अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित किया। भारत में आर्थिक सुधारों के शिल्पकार से लेकर विनम्रता और बुद्धिमत्ता के प्रति डॉ मनमोहन सिंह ने देश के राजनीतिक इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनका तीन दशक से अधिक का संसदीय सफल रहा। उन्होंने राज्यसभा में सदन के नेता और विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया। डॉक्टर सिंह को 1987 में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें न केवल उनकी मित्रता पूर्ण प्रतिभा के लिए बल्कि भारत की आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए भी हमेशा याद किया जाएगा। उनकी विरासत आने वाली पीढियों को प्रेरित करेगी। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर

श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया। उपराष्ट्रपति ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं।

---बाईट---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन ने हम सभी के ह्रदय को गहरी पीड़ा पहुंचायी है। उनका जाना एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में और रिफाउड्स के प्रति समर्पित लीडर के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पी वी नरसिम्हराव मंत्रिमण्डल में रहते हुए डॉ. सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति को नई दिशा प्रदान की। यह वो समय था जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सामान्य पृष्ठ भूमि के मूल्यों को कभी नहीं भूले।

---बाईट---

दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों की शिक्षा लेने और सरकार के अनेक शीर्ष पदों पर रहने के बाद भी वो अपनी सामान्य पृष्ठभूमि के मूल्यों को कभी भी नहीं भूले। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने हमेशा हर दल के व्यक्ति से संपर्क रखा, सबके लिए सहज उपलब्ध रहे, आज इस कठिन घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। मंत्रिमंडल ने सरकार और समूचे राष्ट्र की ओर से डॉ० मनमोहन सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

---

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरलता, ईमानदारी और उत्कृष्ट आर्थिक नीतियों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने डॉ. सिंह के निधन को भारत की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने डॉ. सिंह के निधन पर गहरी संवेदना जताई है।

———बाईट———

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन को देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने समस्तीपुर मे कहा कि देश ने एक बहुत ही अच्छे अर्थशास्त्री और विद्वान व्यक्तित्व को खो दिया है।

———बाईट———

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी त्यागी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज देश की विकसित अर्थव्यवस्था उन्हीं के प्रयासों की वजह से है।

———बाईट———

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार मनमोहन सिंह का जाना उनकी व्यक्तिगत क्षति है।

———बाईट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमने एक सच्चा देशभक्त, महान अर्थशास्त्री और सादगी का प्रतीक खो दिया है।

—————————————————————————

बिहार सरकार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर एक सप्ताह का राजकीय शोक घोषित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आज मुजफ्फरपुर और वैशाली मे प्रस्तावित प्रगति यात्रा को रद्द कर दिया गया। इन दोनों जिलों में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा अब पांच और छह जनवरी दो हजार पच्चीस को पुनर्निर्धारित की गई है। इधर, तिरहुत स्नातक उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय वंशीधर बृजवासी का आज विधान परिषद में प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह भी टाल दिया गया है। शपथ ग्रहण की नई तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।

—————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि तेरह दिसम्बर को आयोजित सिविल सेवा की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को रद्द नही किया जायेगा। आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस संबंध में बीपीएससी पहले भी स्थिति स्पष्ट कर चुका है।

———बाईट———

—————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज लोजपा, रामविलास के नेता और पूर्व विधायक हुलास पांडेय के कई ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी की यह कार्रवाई पटना, बेंगलुरु और दिल्ली में की गई। छापेमारी के दौरान ईडी ने इन ठिकानों से संपत्ति और वित्तीय लेन–देन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

—————————————————————————

प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स अपने लॉन्च के एक महीने के भीतर दस लाख डाउनलोड्स का आंकड़ा पार कर चुका है। सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने यह घोषणा अपने एक्स अकाउंट पर की है। प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म पिछले महीने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में लॉन्च हुआ था।

श्री वैष्णव ने कहा कि प्रसार भारती का यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एसडी, एचडी और फोर के में कंटेंट प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक संपूर्ण इन्फोटेनमेंट इकोसिस्टम है, बल्कि इसमें बारह से अधिक भाषाओं, दस से अधिक शैलियों, लाइव टीवी स्ट्रीमिंग और पैंसठ लाइव चैनलों की सुविधा शामिल है।

———————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि शहरी क्षेत्रों में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए फार्मिंग बेड योजना बनाई गई है। इसके तहत अब घरों और अपार्टमेंट की छतों पर फल, फूल और सब्जी की खेती की जायेगी। श्री पांडेय ने आज पटना के मीठापुर में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि प्रथम चरण में पटना, गया, भागलपुर और मुजफ्फरपुर में ये योजना चलाई जायेगी।

———————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के अधिकांश भागों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कुछ भागों में अगले दो दिनों के दौरान हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

कटिहार पुलिस नव वर्ष पर लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। साइबर थाना के डीएसपी सद्दाम हुसैन ने कहा है कि नये साल मे बधाई संदेश का सहारा लेकर साइबर अपराधी लोगों के मोबाइल को हैक कर सकते है। इससे सावधान रहने की जरूरत है।

———बाईट———

———————————————————————————

दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में जल्द ही पटना हाई कोर्ट की बेंच की स्थापना का आश्वासन दिया है।

———————————————————————————

भारतीय डाक विभाग के पूर्वी क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल मनोज कुमार ने आज खगड़िया में कहा कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया को मूर्त रूप देने में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने खगड़िया मुख्य डाकघर में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देकर संम्मानित भी किया।

———————————————————————————

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल पूरे राजकीय समारोह के साथ नई दिल्ली में किया जायेगा।

02. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

03. बिहार सरकार ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के सम्मान में एक जनवरी तक सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया।

04. और, प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज लोजपा, रामविलास के नेता हुलास पांडेय के कई ठिकानों पर छापेमारी की।

———————————————————————————

समाप्त